समाचार

# 11 जून को वार्ड क्र. 02, 14, 21, 37, 42, 52, 57, 65 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 10 जून 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 11 जून शुक्रवार को वार्ड क्र. 02, 14, 21, 37, 42, 52, 57, 65 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 1187 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 52690 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 जून शुक्रवार को वार्ड क्र. 02 गणेश पण्डाल गेरवाघाट, वार्ड क्र. 14 आंगनबाड़ी पम्प हाउस, वार्ड क्र.21 कांशीनगर आंगनबाड़ी के पास गांधी पुतला, वार्ड क्र. 37 दैहानपारा पानी टंकी के पास, वार्ड क्र. 42 ऊपरपारा स्टेज, वार्ड क्र. 52 नगोईखार राकेश विडियोग गली श्रीमती कुंतीघर के पास सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 57 प्रेमनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 65 सामुदायिक भवन बांकी नम्बर 02 बस्ती के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।